राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 09 अक्टूबर, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में एडवेंचर स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड की टीम के सदस्यों ने मुलाकात की। टीम ने हाल ही में 'द हिमालयन चेज' के पहले संस्करण के अन्तर्गत हाई एल्टीट्यूट रिले रेस में पिथौरागढ़ से ओम पर्वत और आदि कैलाश तक की दूरी तय की। इस दौरान 12 सदस्य टीम द्वारा विश्व रिकॉर्ड स्थापित करते हुए 15 हजार फीट की अधिकतम ऊंचाई तक कुल 4 दिनों में 234 किलोमीटर की दूरी तय की गई। 'द हिमालयन चेज' के दूसरे संस्करण में टीम द्वारा नीति, नेलांग और जौहार वेली में रिले रेस का लक्ष्य निर्धारित किया है।

राज्यपाल ने इस बेहद चुनौतिपूर्ण अभियान के लिए टीम के प्रत्येक सदस्य के जोश और जज्बे की सराहना की। उन्होंने कहा कि जहां लोगों के लिए चलना भी मुश्किल है ऐसे स्थानों पर दौड़ने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना अपने आप में सराहनीय है। उन्होंने कहा कि टीम द्वारा साहसिक खेल गतिविधि के माध्यम से उत्तराखण्ड के नैसर्गिक सौंदर्य के साथ–साथ यहां के अछूते साहसिक पर्यटन स्थलों का प्रचार–प्रसार करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि टीम भावना के रूप में प्रत्येक सदस्य ने इस मुकाम को हासिल किया है। राज्यपाल ने एसोसिएशन को हरसंभव सहायता का भी आश्वासन दिया। राज्यपाल ने टीम के सभी सदस्यों का उत्साहवर्धन करके उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

इस दौरान 12 सदस्यीय टीम में एवरेस्ट विजेता मनीष कसनियाल, अविजित जमलोकी, सागर देवराड़ी, नीरज सामंत, आकाश डोभाल, पंकज बिष्ट, युवराज सिंह रावत, ऋषभ जोशी, रजत जोशी, दीपक बाफिला, विवेक सिंह रावत और नवनीत सिंह शामिल थे।

...........0............